Empowering Women in Cooperatives

PANIPAT

KURUKSHETRA

महिलाओं को सशक्त करने के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार चला रही महिलाओं के हित की योजनाएं : सुभाष कलसाना

सुनील कुमार, कुरुक्षेत्र । आज दी धुराला बहू उद्देशीय सहकारी समिति धुराला के प्रांगण में विश्व महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गय। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शाहाबाद के भाजपा प्रत्याशी रहे श्री सुभाष कलसाना जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहकारी समितियों के सहायक रजिस्ट्रार श्री प्रदीप चौहान ने की। समिति प्रबंधक श्री अशोक मेहता ने समिति द्वारा महिलाओं के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी देते हुए बताया की यह समिति महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए काम कर रही है। उन्होंने बताया कि महिलाओं के स्वयम सहायता समूह बनाकर उन्हें समिति द्वारा ऋण उपलब्ध करवाया जाता है ताकि उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान करके उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त किया जा सके। समिति में इस प्रकार के 10 समूह काम कर रहे हैं जिसमें 100 के करीब महिलायें जुड़ी हुई हैं। उन्होंने कहा कि यह संस्था आगे भी महिलाओं को सशक्त करने के लिए इसी प्रकार कार्य करती रहेगी। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए सुभाष कलसाना जी ने कहा कि हमारी सरकार महिलाओं के लिए बहुत काम कर रही है । उन्होंने महिलाओं के लिए चलाये जा रहे कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए मोदी सरकार व हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ऐसी योजनाएं चला रहे हैं जिससे महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा सके। उन्होंने महिलाओं को समिति की ओर से समृति चिह्न देकर सम्मानित भी किया। इस मौके पर सैनी समाज सभा के अध्यक्ष श्री गुरनाम सिंह सैनी भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने भी अपने संबोधन में महिलाओं के सशक्तिकरण के बारे में विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम के अंत में केंद्रीय सहकारी बैंक के पूर्व निदेशक श्री सुभाष सैनी ने आये हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया व आगे भी इस तरह के कार्यक्रम करने तथा महिलाओं को और अधिक सशक्त बनाने के लिए प्रयास करने का आश्वासन दिया। इस कार्यक्रम में श्री पूर्ण बाजवा, श्री रविन्द्र सिंह, श्री पाल राम नंबरदार, पूर्ण धवन, श्री मति पूजा रानी, समिति प्रबंधक सदस्या श्री मती सिमटी देवी, श्रीमती संतोष देवी, श्रीमती कृष्णा देवी, श्रीमती हरप्रीत कौर आदि उपस्थित रहे।

AMBALA

JIND

हरकोफैड
हरियाणा राज्य सहकारी विकास प्रसंघ लि., पंचकूला
द्वारा आयोजित
महिला विचार
गोष्ठी
विषयः "सहकारिताओं द्वारा महिला सशक्तिकरण"
दिनांकः 08-03-2025 स्थानः गांव खोखरी, जीन्द
समृद्धि संकल्प - सहकारिता विकल्प

CELEBRATION AND SEMINAR IN PANCHKULA

HISAR

Seminar on 28th March, 2025 at RICM, Sector 32, Chandigarh

ternational Year
f Cooperatives
Cooperation Depart
Haryana
International
of Cooperatives